Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to resume train services connecting Jamshedpur Parliamentary Constituency, Jharkhand discontinued due to Covid-19 Pandemic-laid.

श्री बिद्‌युत बरन महतो (जमशेदपुर): मैं सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं कि कोविड-19 महामारी के दौरान बंद किए गए ट्रेनों का परिचालन यथाशीघ्र प्रारंभ करने की अत्यंत आवश्यकता है। विदित है कि उक्त ट्रेनों का परिचालन नहीं होने के कारण मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर (टाटानगर) के यात्रियों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त कठिनाइयों को देखते हुए निम्न ट्रेनो का परिचालन पूर्व की भांति स्टॉपेज सहित चलाया जाय।

(1.)टाटा एलेप्पी ट्रेन संख्या (18189), (2.)टाटा एलटीटी मुंबई अंत्योदय एक्सप्रेस ट्रेन संख्या (22886), (3.)टाटा नगर से जालियांवाला बाग एक्सप्रेस (4.)टाटा जम्मू तवी एक्सप्रेस एवं टाटा से अमृतसर ट्रेन ।

अतः माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि यात्रियों के आवागमन में हो रही कठिनाइयों को देखते हुए उपरोक्त ट्रेनों का परिचालन पूर्व की भांति पुनः चलाने की कृपा की जाय ताकि यात्रियों का आवागमन सुगम हो सके ।